चीनी-भाषा का स्वयं शिक्षक

Shant Sharma Hiremath

Date 19-9-71

९५६
C

गौरीशंकर द्विवेदी

प्रकाशक—
गौरीशंकर चौधरी
नया साहित्य मण्डल,
मच्छोदरी पार्क, काशी ।

मुद्रक—
लक्ष्मीचन्द
राष्ट्रभाषा मुद्रणालय,
लहरतारा, बनारस कैंट ।

Date · 19-9-71

दो शब्द

नेहरू और चाऊ-एन-लाई मिलन ने भारत और चीन के सांस्कृतिक सम्बन्ध को तरो-ताजा कर दिया है। जरूरत है कि दोनों देश अधिकाधिक एक दूसरे के समीप आवें, और अपनी उन्नति के साथ-साथ पञ्चशील के सिद्धान्त को विश्व-व्यापी बनावें, जिसके ऊपर ही विश्व शान्ति निर्भर करती है। इसी दृष्टि से यह 'चीनी भाषा का स्वयं शिक्षक' पाठकों के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। इससे चीन की राष्ट्रभाषा 'कुवो यु' का परिचय सुलभ हो जाता है। मुझे आशा है कि इस प्रयास से देश के नवयुवकों में चीनी भाषा और साहित्य के अध्ययन की मौलिक प्रवृत्ति बढ़ेगी।

चीनी लिपि में वर्णमाला नहीं है, वह आकृति—बहुल है। रोमन लिपि की अपेक्षा नागरी लिपि के द्वारा चीनी भाषा के शब्द अधिक शुद्धतापूर्वक व्यक्त हो सकते हैं। इसलिए चीनी लोगों में नागरी लिपि का प्रसार होना भी आवश्यक है। मैं इस पुस्तक में चीनी लिपि भी देना चाहता था, परन्तु टाइप न मिलने के कारण न दे सका। दूसरे भाग में इसके लिए चेष्टा करूँगा। भाषा सीखने में सबसे बड़ी दिक्कत उच्चारण की है। चीन महान् देश है, स्थान भेद से शब्दों के उच्चारण और भाव में भी कहीं कहीं अन्तर पाया जाता है। जैसे 'तआ' (वह) का उच्चारण 'था'—'दा' और 'पआ' का उच्चारण सुभीते के लिए 'फा'—'बा' होता है। अतः इसका ठीक ज्ञान चीनी लोगों के सम्पर्क में आने से ही हो सकता है। हिन्दी के द्वारा यह प्रथम प्रयास है। पुस्तक जल्दी में लिखी गयी है, कृपया विज्ञजन त्रुटियों के लिए क्षमा करते हुए निर्देश करें, जिससे दूसरे संस्करण में सुधार जा सके।

—लेखक।

चीन का राष्ट्रीय गान

चइलान पु यू आन चोउ नु ली ती जेन मन
पा वो मनती स्यूए जोउ चु चएङ वोमन
सिन ती चआङ चएङ चुङ हुआ मिन चु
तावो ला चुइ वे सिएन ती शिह् होउ
मेइ को जेन पेइ पओ चो फा चऊ
चुइ होउ ती होउ शेङ चइ लाइ चइ लाइ चइ लाइ
वोमन वान चुङ यी सिन
यावो चो ती जेन ती पओवो हुवो चइएन चिन
यावो चो ती जेन ती पओवो हुओ चइएन चिन
चइएन चिन चइएन चिन चिन

भावार्थ—

उठो!

तुम सब हे दासत्व विरोधी!
शोणित और मांस से अपने एक बड़ी दीवाल बनाओ।
चीन राष्ट्र के सन्मुख देखो एक बड़ा खतरा है।
एक एक के मुँह से निकले जोर जोर से यह नारा—
उठो! उठो! उठो! कोटि कोटि सब एक हृदय हो।
करो तिरस्कृत रिपु की आग, आगे बढ़ो—
करो तिरस्कृत रिपु की आग, आगे बढ़ो—
आगे बढ़ो, आगे

चीनी-भाषा का स्वयं-शिक्षक

भाग १

पहला पाठ

किसी भी भाषा के सीखने का आसान तरीका यह है कि पुरुष वाचक सर्वनाम से शुरू किया जाय, और क्रियो पद को जोड़ कर वाक्य रचना का ज्ञान प्राप्त किया जाय।

नियम—(१) चीनी भाषा में पुरुष वाचक सर्वनाम में एक वचन के आगे 'मन' जोड़ने से बहु वचन का रूप बनता है।

(२) सब पुरुषों में क्रिया का रूप एक सा रहता है, बदलता नहीं।

उदाहरण—

हिन्दी	चीनी
मै	वो
हम	वोमन
तू	नी
तुम	नीमन
वह	तआ
वे	तआमन

क्रिया—खेलना = वान   पीना = चिन, ह
पढ़ना = तू   लेना = ना
करना = चो   दौड़ना = चोऊ
बोलना = शो   देखना = कआन
देना = के   खाना = ची

नोट—(१) चीनी भाषा में सामान्य वर्तमान और अपूर्ण वर्तमान काल में क्रिया के रूप एक से होते हैं। जैसे—
मैं देखता हूँ या मैं देख रहा हूँ = वो कआन
मैं दौड़ता हूँ, या दौड़ रहा हूँ = वो चोऊ

(२) अनुवाद के लिए जो वाक्य अगले पाठों में दिये गये हैं, उनमें यदि कोई अज्ञात शब्द आवे तो पुस्तक के अन्त में उसका अर्थ अतिरिक्त शब्द कोष (क) (ख) में देखिए। नये शब्दों को लेकर स्वयं वाक्य बनाने की चेष्टा कीजिए।

दूसरा पाठ

वाक्य रचना

नी वान = तू खेलता है।
वोमन तू = हम पढ़ते हैं।
तआ ची = वह खाता है।
वो चोऊ = मैं दौड़ता हूँ।
नीमन शो = तुम बोलते हो।

तआमन चिन = वे पीते हैं।

हिन्दी बनाओ ।

नी कआन । वोमन ना । तआ चो । वो के । तआमन ची । तआ सुए । नीमन चिआवो । वो चान । नी चू । तआ तइङ । नीमन तइआऊ ।

चीनी भाषा में लाओ ।

मैं कूदता हूँ । तुम सुनते हो । वे सीखते हैं । हम सिखाते हैं । तू खड़ा होता है । वह रहता है ।

कूदना=तइआऊ	खड़ा होना=चान
सुनना=तइङ	रहना=चू
सिखाना=चिआवो	लिखना=सिए
सीखना=सुए	बैठना=चो
चाहना=यावो	उठना=चई-लाई

तीसरा पाठ

नियम (३)—होना 'शिह्' क्रिया का रूप तीनों पुरुषों के एक वचन और बहु वचन में एक सा होता है । जैसे,

वो शिह्=मैं हूँ ।	वोमन शिह्=हम हैं ।
नी शिह्=तू है ।	नीमन शिह्=तुम हो ।
तआ शिह्=वह है ।	तआमन शिह्=वे हैं

अभ्यास के लिये—

यह=चे	यहाँ=चेली
वह=ना	वहाँ=ना ली

कौन=शुई
क्या=शन मा
घर=चिआ
शहर=चएङ शी
पहाड़=शान
पेड़=सू
पर=चाई

कहाँ=ना ली
कैसे=चेङ याङ
गाँव=सिआङ चऊन
देश=कुवो चिआ
नदी=हो
सड़क=लू
(घर पर=चाई चिआ)

उदाहरण—

यह क्या है ? चे शिह् शन मा ?
वह कौन है ? तआ शिह् शुई ?
वह कहाँ है ? तआ चाई नाली ?

नियम (४)—स्थान बोधक शब्दों के पहले 'शिह्' नहीं लगाकर केवल 'चाई' (पर) का प्रयोग किया जाता है।

हिन्दी बनाओ—

नीमन चाई नाली ?
तआ शिह् शुई ?
शुई शिह् चेली ?
वोमन चाई सिआङ चऊन।
ना चो शन मा ?

वोमन चाई चिआ।
नी चाई शान।
तआ च्यू नाली ?
नीमन चाई नाली ?
तआ शो शन मा ?

चीनी भाषा में लाओ—

मैं घर पर हूँ। वे गाँव में हैं। तुम कौन हो ? वे लोग यह खाते हैं। तुम शहर में पढ़ते हो। हम कहाँ हैं ? वे जहाज पर हैं।

तू पहाड़ी पर है। तू क्या पढ़ता है ? वह क्या समझता है ? हम सड़क पर बैठते हैं।

चौथा पाठ

नियम (५) चीनी भाषा में विभिन्न संज्ञाओं के विभाजक के रूप में अनेक शब्द व्यवहृत होते हैं। इस प्रकार के विभाजक शब्दों का व्यवहार अन्य किसी भाषा में नहीं होता। इन विभाजक शब्दों की संख्या इतनी अधिक है कि उनको क्रमशः सीखना ही ठीक होगा।

जैसे—यी क जेन=एक आदमी।
यी पन सू=एक किताब
यी चिह् पी=एक कलम
यी चिआन तुङ सी=एक वस्तु

परन्तु साधारणतः 'क' का प्रयोग करके निर्दिष्ट संज्ञा शब्द के विषय में एक धारणा की जा सकती है।

हिन्दी बनाओ—

यी क जेन चाई चिआ। यी पन सू चिआ नाली ?
यी क शान शिह् शुई ? ना क चाई नाली।
वो यिन सुई। नी सिए चाई चेली।
तआ के यी चिआन तुङ सी। वो चो यी चिह् पी।

चीनी भाषा में लाओ—

वह एक शिक्षक हैं। वह एक प्याला दूध देता है। मैं एक

घड़ी खरीदता हूँ। वह एक पाठ शुरू करता है। क्या तुम एक प्रश्न पूछते हो ? मैं अखबार पढ़ना पसन्द करता हूँ।

हिन्दी बनाओ—

नाली शिह् सी युएन ? चे शिह् यी क सुए तआङ। यी क शाङ जेन चु चाई शान। ताऊ त्जे चाई नाली ? नी वाङ ची कु शिह्। वो यू चिआन यी क नुङ फू चाई सिआङ चउन। वू लुन हो जेन चिह् ताऊ तआ। वो के यी चिआन तुङ सी तआ।

अभ्यास के लिये—

सी युएन = थियेटर
सुए तआङ = स्कूल
शाङ जेन = सौदागर
ताऊ त्जे = चाकू
वाङ ची = भूलना
यू चिआन = मिलना
चिह् ताऊ = जानना
नुङ फू = किसान
वू लुन हो जेन = हर एक आदमी

पाँचवाँ पाठ

नियम (६) पुरुष वाचक सर्वनाम का जो रूप कर्त्ता में होता है, वही रूप कर्म में भी रहता है, परन्तु उसके आगे 'ती' जोड़ देने से सम्बन्ध कारक का रूप बन जाता है। जैसे—

वो ती = मेरा
वोमन ती = हमारा
नी ती = तेरा
तआती = उसका
चिआती = घर का
शानती = पहाड़ का

एक उदाहरण—

वह एक किताब पढ़ता है—तआ तू यी पन सू।
वह मेरी किताब पढ़ता है—तआ तू वो ती पन सू।

चीनी भाषा में लाओ—

मेरी घड़ी कहाँ है? यह उसका साबुन है। देश का मित्र कौन है? तेरी बिल्ली दूध पीती है। वह स्वयं पढ़ता है। मैं स्वयं गाता हूँ। मेरी कुर्सी कमरे में है। समुद्र का पानी सफेद है। यह बन्दूक की आवाज है।

हिन्दी बनाओ—

तआ शिह् वो ती सिआन शेन। शूई शिह् नी ती पएङ यीऊ? नीमन ती शेन यिन चे क? ना शिह् पिङ ती चइआङ वो ती ल्यू शिह् शो शन मा? यी शेङ ती कोऊ सुइ चिआओ चेली।

अभ्यास के लिये—

घड़ी = पिआऊ	दूध = निऊ नाई
साबुन = फेई चाऊ	कुर्सी = यिह् त्जे
देश = कुवो चिआ	कमरा = फाङ चिआन
समुद्र = हाई	पानी = सुई
बिल्ली = माऊ	सफेद = पाई
कुत्ता = कोऊ	शिक्षक = सिआन शेन
मित्र = पएङ यिऊ	आवाज = शेन यिन
सिपाही = पिङ	बन्दूक = चइआङ
वकील = ल्यू शिह्	डाक्टर = यी शेङ

[नोट—'स्वयं' का अनुवाद करने के लिए पुरुष वाचक सर्व-

नाम के आगे 'चिह् ची' जोड़ते हैं जैसे—वह स्वयं हँसता है=तआ चिह् ची सिआवो।]

छठाँ पाठ

नियम (७) संज्ञा की विशेषता प्रकट करने वाले विशेषणों का प्रयोग करते समय उनके आगे 'ती' जोड़ते हैं। जैसे—

चौड़ी सड़क=कनोती लू।
लम्बा आदमी=काऊती जेन।
सुन्दर शरीर=पइआऊ लिआङ ती शेन तई।

चीनी भाषा में बदलो—

वह सारा भात खा गया। मैं ठंडा पानी पीता हूँ। यह वही किताब है। दूध सफेद है। तू कितना पढ़ता है? यह एक सुन्दर कहानी है। तुम्हारी नाक लम्बी है। वह बहुत सुन्दर लड़की है।

हिन्दी बनाओ—

तआ ती मिएन कउङ हाऊ ती। ना फाङ चिआन ह्रेङ सिआवोती। वो ती शोऊ चिह् ह्रेङ तुआन ती। तआ शिह यी क हुआई ती जेन। नी ती. एर तोह केङ चआङ। वो यावो यिन तिआन चिआ फी।

अभ्यास के लिए—

सारा=तउङ् तउङ्   गर्म=जेह्
ठंडा=लेङ   सुन्दर=पइआऊ लिआङ

लम्बा = चआङ
छोटा = तु आन
बुरा = हुआई
अच्छा = हाऊ
लड़ा = ता
हरा = चइङ सिह्
लाल = हुङ
पीला = हुआङ सिह्
काला = हे सिह्
नीला = लान सह्
मूर्ख = चऊन
बुद्धिमान = चुङ मिङ
गन्दा = चाङ
आसान = युङ ची
कठिन = कान नान
ताजा = सिन सिआन
सुस्त = लान तो
तेज = कवाऊ
ऊँचा = कावो

सातवाँ पाठ

हिन्दी बनाओ—

तआती पेई चाई नाली ?
चे शिह चऊन ती कुङ चो।
लेङ ती सुई चाई चेली।
त आ शिह् च्यू वेई ती क जेन।
हुङ ती हुआ चाई चो त्जे।
नीमेन चो चाई यिह त्जे।
तआ ती मू चइन चाई चिआ।
वो ती कउन त्जे चाई नाली ?

चीनी भाषा में बदलो—

ट्रेन स्टेशन पर कब आती है ?
समुद्र का पानी खारा होता है।

गंगा पहाड़ी नदी है।
तुम्हारा पासपोर्ट कहाँ है ?
पार्क का उद्यान अच्छा है।
आकाश लाल है।
बादल उजले हैं।
समुद्र यात्रा आसान है।

शब्द संग्रह—

उद्यान=हुआ यूआन
पार्क=कुङ यूआन
पृथिवी=ती
हवा=कउङ चई
आकाश=तिएन कउङ
बादल=यून
पासपोर्ट=हू चाऊ

नौका=सिआवो चउआन
जहाज=चउआन
ट्रेन=हो चए
स्टेशन=हो चए चान
ट्राम=तिआन चए
मोटर कार=चई चए
समुद्र यात्रा=हाङ हाई

बातचीत—

तुम्हारा क्या नाम है ? नी की शिङ ? या, की शिङ मिङ ?
मेरा नाम श्याम है। वो मिङ चिआवो श्याम।
वह कौन आदमी है ? ना के जेन शिह् शुई ?
वह मेरा भाई है। तआ शिह् वोती सिउङ ती।
वह कहाँ रहता है ? त आ चाई नाली।
वह घर पर रहता है। तआ चाई चिआ।
तुम कहाँ जा रहे हो ? नी च्यू नाली ?
मैं स्कूल जा रहा हूँ। वो ताऊ स्यूए तआङ च्यू।

—————

आठवाँ पाठ

नियम (१) चीनी भाषा में हिन्दी के समान तीनों कालों में क्रिया के विभिन्न रूप नहीं होते हैं। क्रिया के साथ साधारणतः 'ला' जोड़ने से भूतकाल और 'यावो' जोड़ने से भविष्यत काल का बोध होता है। जैसे, वह कल आया = तआ चो तिएन लाई ला। मै कल वहाँ जाऊँगा = वो मिङ्‌ तिएन यावो च्यू नाली।

(२) चीनी भाषा में क्रिया भावात्मक होती है, जैसे मत दोड़ो—पू यावो चोऊ नी। (नहीं चाहिए दौड़ना तुमको,—ऐसा लिखते हैं) कृपा करके यहाँ आवो = चिङ्‌ ताऊ चेली लाई। ('आना' क्रिया के लिए ताऊ—लाई, और 'जाना' क्रिया के लिए 'ताऊ—यू' का प्रयोग करते हैं) वस्तुतः चीनी लोग (आना-जाना को सीधा न कह कर 'चलकर आना—चलकर जाना' का प्रयोग करते हैं। गन्तव्य स्थान को बीचमें लाते हैं। जैसे, मैं घर जाता हूँ

वो ताऊ चिआ चयू। वह स्कूल आता है—तआ ताऊ सूए तआऊ लाई।

चीनी भाषा में अनुवाद करो—

मैं अनुवाद करूँगा। वह समालोचक हो गये। तूने बैल गाड़ी हाँक दिया? हरि मोटर से बम्बई जायगा। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। वह गोरिल्ला था। श्री राजेन्द्र प्रसाद हमारे देश के राष्ट्रपति हैं। बनारस में एक किसान कान्फ्रेंस होती है।

हिन्दी बनाओ—

यो यावो फान यी। तश्रा चिआङ पइङ पिश्रान ला। नी ता चए चिआ शी ला मा ? हरि चएङ चई चे यावो ताऊ वम्वई च्यू। यी के चिङ चश्रा तश्रा ताइ पू ला। तआ शिह् यी क यू ची तुई। राजेन्द्र प्रसाद सिआन शेन शिह् चुङ तुङ वोमन ती कुश्रो ती। वनारस यिऊ यी क नुङ फु हुई ई।

शब्द संग्रह—

अनुवाद करना=फान यी। समालोचक=चिआङ पइङ।
वैलगाड़ी=ता चए। पुलिस=चिङ् चश्रा।
गिरफ्तार करना=ताइ पू। गोरिल्ला=यू ची तुई
किसान=नुङ फु। कान्फ्रेंस=हुई ई।
राष्ट्रपति=कुश्रो ती चुङ तुङ

नवाँ पाठ

'यीऊ', 'मेई यीऊ', 'पू' तथा 'मा' के प्रयोग—

नियम (१) ऐसे स्थलों में जहाँ किसी के पास कोई वस्तु हो वहाँ 'यीऊ' का प्रयोग करते हैं। इसका निषेधवाचक शब्द 'मेई-यीऊ' है।

(२) निषेधवाचक एक और शब्द है—'पू'—इसका स्वतन्त्र प्रयोग होता है, परन्तु 'मेई' भी निषेध वाचक शब्द है जो केवल 'यीऊ' के पूर्व आता है। इसका स्वतन्त्र प्रयोग नहीं होता।

(३) प्रश्न वाचक वाक्यों के अन्त में 'मा' शब्द का प्रयोग करते हैं।

चीनी भाषा में अनुवाद करो—

क्या तुम्हारे पास कोट है ?
उसके पास एक अच्छा केमरा है।
मेरे पास रुपया नहीं है।
उसके पास सिगरेट नहीं है।
बनारस में एक राजा रहता है।
क्या दूध गरम है ?
नहीं, यह ठण्डा है।

हिन्दी में अनुवाद करो—

न्यू जे यीऊ यी पन सू ह्राऊ ती।
यीऊ यी क ताऊ त्जे ? मेई यिऊ ?
यीऊ, वो यीऊ यी क ताऊ त्जे।
पू, वो मेई यीऊ।
वो यीऊ यी क हुक्ती हुआ।
नी नीऊ यीऊ कोव् ला मा ?
पू, शिह् कोव् ती।
यी क माऊ चाई वो ती चिआ।
ली पाई तआङ यीऊ यी क हुआ युआन।

दसवाँ पाठ

संख्यावाची विशेषण—

शून्य = लिङ
एक = यी
दो = एहूँ, लिआङ
तीन = सान
चार = त्सू
पाँच = वू
छ = लिऊ
सात = चई
आठ = पा
नव = चिऊ
दस = शिह्

ग्यारह = शिह् यी
बारह = शिह् एहूँ
तेरह = शिह् सान
इत्यादि
बीस = एहूँ शिह
तीस = सान शिह्
सौ = यी पाई
हजार = यी चिएन
दस हजार = यी वान
चार हजार तीन सौ सात = त्सू चिएन सान पाई लिङ चई।

नियम (१) ग्यारह से उन्नीस तक की संख्याएँ 'शिह्' (दस) के आगे 'यी, एहूँ' एक—दो आदि जोड़ने से बनती हैं। शिह्' के पहले 'एहूँ, सान' (दो, तीन आदि) संख्याएँ जोड़ने से बीस-तीस....नब्बे तक की संख्याएँ बनती हैं। जैसे, त्सू शिह् = चालीस, वू शिह् = पचास, लिऊ शिह् = साठ, पैंतीस = सान शिह वू। पचहत्तर = चई शिह वू, तिरानवे = चिउ शिह् सान इत्यादि।

(२) दो के लिए 'एहूँ' और 'लिआङ' दो नाम आते हैं। गिनने में सदा लिआङ् का प्रयोग होता है। जैसे,

दो पुस्तकें=लिआङ पेन सू। (यहाँ 'एर्ह पेन सू' कहना ठीक न होगा।)

ग्यारहवाँ पाठ

(३) संख्यायों के पहले 'ती' जोड़ने से प्रथम, द्वितीय, तृतीय आदि संख्याएँ बनती हैं। जैसे—पहला आदमी=तीयी जेन। पाँचवी किताब=ती वू सू। दसवाँ लड़का=ती शिह् सिआवो हाई त्जे। इत्यादि।

(४) विशेषण के पूर्व तर—प्रत्यय के लिए 'केङ, और तम—प्रत्यय के लिए 'चुएई' या 'तिङ' जोड़ते हैं। जैसे—

लघु (छोटा)=तुआन
लघुतर=केङ तुआन
लघुतम=चुएई तुआन, या तिङ तुआन

चीनी में अनुवाद करो—

वह दसवाँ स्टेशन है। इन दोनों में छोटा कौन है ? बीस लड़के पढ़ते हैं। वह सबसे सुन्दर है। सात हजार पैंतीस। तीन सौ पचहत्तर। सबसे बड़ा पहाड़ कौन है ? मोटर अधिक तेज दौड़ती है।

हिन्दी बनाओ—

चे फाङ त्जे केङ पइआवो लिआङ।
ला हुआ युआन चुएई हाऊ मा ?

तञा यिऊ लिञाङ चो त्जे ।
नाह्‌ युएन यिऊ यी चिएन ती चो वेई ।
वो ती सिएह्‌ हुई हेङ हुआ ती ।
चई चिएन लिङ शिह्‌ सान ।
ती पा वान शाङ केङ हे आन ।

अभ्यास के लिए—

झंडा=चई	अङ्कगणित=सुआन शु
मकान=फाङ त्जे	आकाशवाणी=कुआन पो
सूर्योदय=जिह्‌ चयू	शुरू करना=काई शिह्‌
कबूतर=के	राजा=कुओ वाङ
अखबार=पाऊ चिह्‌	देश=कुओ चिञा

बातचीत—

आपका शुभ नाम ?
सिएन शङ की शिङ ?
तुम्हारा नाम ?
नी शिङ शन मा ?
क्या आपने भोजन किया ?
चई ला फान मेई यिऊ ?
मैंने भोजन कर लिया है ।
चई ला ।
तुम क्या खा रहे हो ?
नी चई शन मा तुङ सी ?
क्या तुम जानते हो ?
नी ची [illegible]चो पू नी [illegible]चो ?

मैं नहीं जानता।
वो पू ची तओवो।
तुम क्या खरीदना चाहते हो ?
नी यावो माई शन मा ?
मैं कुछ भी खरीदना नहीं चाहता।
पू यावो माई शन मा।
तुम कौन किताब पढ़ रहे हो ?
नी सूए शन मा सू ?
मैं अभी अंग्रेजी पुस्तक पढ़ रहा हूँ।
वो चिन तइएन सू यिन कुवो मा।

बारहवाँ पाठ

महीनों के नाम

जनवरी=चेङ यूए
फरवरी=एहँ यूए
मार्च=सान यूए
अप्रल=स्त्जू यूए
मई=वू यूए
जून=लिऊ यूए
जुलाई=चई यूए
अगस्त=पा यूए
सेप्टेम्बर=चिऊ यूए
अक्टूबर=शिह् यूए
नवम्बर=शिह् यी यूए
दिसम्बर=शिह् एहँ यूए

सप्ताह के दिन

रविवार=ली पाई जिह, या शिङ चई जिह
सोमवार=पाई यी
मङ्गल=पाई एहँ
बुधवार=पाई सान
बृहस्पति=पाई स्त्जू
शुक्रवार=पाई वू
शनिवार=पाई लिऊ

समय—बोधक शब्द

वर्त्तमान (अब)=सिआन चाई
भूतकाल=को चऊ
भविष्यत् काल=चिआङ लाई
समय=सिह् होऊ
घंटा=तिआन चुङ
दिन=जिह् त्जे
रात=वान शाङ
सप्ताह=ली पाई, शिङ चई
महीना=यूए
वर्ष=निआन
आज=चिन तइएन
कल (बीता)=चो तइएन
कल (आनेवाला)=मिङ तइएन
प्रति दिन=तइएन तइएन

मौसिम

वसन्त=चउन तइएन   पतझड़=चुई तइएन
ग्रीष्म=सिआ तइएन   जाड़ा=तुङ तइएन
मौसिम=चई होऊ

नोटन—शिङ चई के आगे भी क्रमशः यी, एर्ह, सान आदि लगाने से सोमवार-मङ्गल आदि दिन होते हैं।

चीनी में अनुवाद करो—

गर्मी में दिन बड़ा होता है।
जाड़े में दिन छोटा होता है।

वसन्त में मौसिम बहुत सुन्दर होती है।
कल तुम कहाँ गये थे ?
वह सोमवार को आवेगा।
आज गुरुवार है।
कल बहुत गर्मी थी।
अक्टूबर का महीना है।
वह घर से आया है।

हिन्दी में अनुवाद करो—

चेङ यूए चई होऊ लेङ।
सिआ तइएन वान शाङ शिह् चआङ ती।
चिन तइएन तआ ताऊ ली पाई तआङ च्यू।
वो पाइ स्त्जू चिआ लाई ला।
ती सानती शिङ चई नी यावो च्यू।
तआ तिएन तिएन लाई।
चे शिह् वो ती ती यी ती पन सू।
चिन तिएन ती पावो चिह् चाई नाली ?
(पावो चिह् = अखबार)

तेरहवाँ पाठ

(१) चीनी लोग जब एक दूसरे से मिलते हैं तो नमस्ते के स्थान में 'नी हाऊ मा ?' या केवल 'हाऊ मा ?' बोलते हैं। इसका मानी है कि 'आप खुश तो हैं ?' मित्र आपस में यदि सवेरे मिलते हैं तो 'चाऊ आन' कहते हैं जो अंग्रेजी के 'गुड मार्निङ' के समान है, और दूसरे समय मिलते हैं तो 'हाऊ मा' कहते हैं।

(२) जब एक आदमी दूसरे का परिचय देता है तो वह सौचीन्
जन्य के लिए 'चिऊ याङ, चिऊ याङ' कहता है—इसक
शाब्दिक अर्थ है—'चिर सत्कृत, चिर सत्कृत'।

(३) धन्यवाद के लिए साधारणतः 'सिए सिए' और खेद प्रक
करने के लिए 'लाऊ चिआ, लाऊ चिआ' कहते हैं।

(४) श्रीमान् तुङ के लिए 'तुङ सिआन शेन' 'श्रीमती तुङ'
लिए 'तुङ तआई तआई' तथा 'कुमारी तुङ' के लिए 'तु
सिआवो चिए' कहते हैं।

(५) जब किसी के पिता या माता के विषय में कहना होता
तो तुम्हारे पिता या तुम्हारी माता न कहकर शिष्टाचार
लिए 'लिङ चुन' या 'लिङ.तआङ' कहते हैं। नाम ले
नहीं पुकारते। दूसरे सम्बन्धियों के लिए इस प्रकार
शब्दों का प्रयोग किया जाता है—

भाई=सिउङ ती। बहिन=चिए माई
छोटा भाई=ती ती छोटी बहिन=माई माई
बड़ा भाई=केर केर बड़ी बहिन=चिए चि
चाचा=सू सू या सूफ् दादा=चू फू
चिऊ चिऊ या चिऊ फू
चाची=क़ू मू दादी=चू मू

उदाहरण—

तुम्हारी चाची घर पर है ? नहीं, वह बाहर गयी है
नी ती क़ू मू चाई चिआ मा ? पू, तआ चऊ च्यू ला।
मेरा छोटा भाई कल स्कूल जायगा
वो ती ती ती मिङ तिएन यांवो चयू तू
स्यूए तआङ।

चीनी में अनुवाद करो—

मि० सक्सेना मेरे बड़े भाई हैं।
क्या दादा बनारस चले गये ?
नहीं, वह घर पर हैं।
उसकी बहिन कल थियेटर में नाचेगी।
मेरा छोटा भाई फुटबाल अच्छा खेलता है।
चाचा तीसरे दर्जे का टिकट खरीदेंगे।
दादी बहुत बीमार हैं।
कल उनको डाक्टर देखेगा।

हिन्दी में अनुवाद करो—

चेन सिआवो चिए शिह् यी क सिआन शेन।
नी ती कू मू सिए तेह् हेङ हाऊ।
वो ती सूफ् चाई बनारस यावो काई पऊ त्जे।
शेक तआई तआई यीऊ यी क चिआवो ता चे।
वो ती केर केर सी हुआन तिआऊ यू।
तउङ तउङ चऊ लिआवो चिऊ चिऊ चाऊ चिआ।
(तेह् हेङ हाऊ=सुन्दरतापूर्वक)

चौदहवाँ पाठ

साधारणतः प्रयुक्त होने वाले कुछ अन्य पद—

क्योंकि=ईन वेई　　इसलिए=सो यी
और=तुङ, हो, केन　　यदि=चिआ शिह्
किन्तु=तान शिह्　　या=होचे

तथापि=वू लुन जू हो (अपादान) से=चउ
(करण) से=केन यद्यपि=सुई जान
सिवा=चऊ लिआवो

उदाहरण—

तुम कहाँ से आते हो ?
नी चउङ नाली लाई ?
मैं घर से आता हूँ ।
वो चउङ चिआ लाई ।

चीनी में अनुवाद करो—

मैं वहाँ नहीं जाऊँगा, क्योंकि मेरे पास समय नहीं है । यद्य
वह उद्यान में गया था, परन्तु फूल नहीं लाया । मैं खुश हूँ इ
लिए तुमको घड़ी दे दूँगा । मेरे सिवा कौन इस काम को क
सकता है ? वह फुटबाल खेलेगा या मैं खेलूँगा ? क्या मि० चा
बीमार थे तथापि टहलने गये थे ?

हिन्दी में अनुवाद करो—

तआ चउङ देहली लाई ला ।

नी यात्रो तू चे पेन सू तेङ ताऊ वो सुई चिआवो । सुई जा
थीऊ सुए वू लुन जू हो तआ चऊ च्यू । चिआ शिह् नी नेङ
चे क, हाऊ ती ।

(तेङ ताऊ वो सुई चिआवो=जब तक मैं सो नहीं जाता
सुए=वर्फ ।)

—•—

पन्द्रहवाँ पाठ

(नकारात्मक 'पू' और 'मेई' का प्रयोग)

नियम—(१) साधारण प्रश्न वाक्य का उत्तर स्वीकारात्मक 'शिह्' या नकारात्मक 'पू' से देते हैं।

(२) 'यिऊ' जिस प्रश्न बोधक वाक्य में होता है वहाँ स्वीकारात्मक उत्तर 'यिऊ' से ही देते हैं, 'शिह्' से नहीं। जैसे—

क्या तुम टहलना पसन्द करते हो?
नी सी हुआन चोऊ लू मा?
हाँ, मैं टहलना पसन्द करता हूँ।
शिह्, वो सी हुआन चोऊ लू।
क्या वह सुन्दर गाती है?
तआ चआङ हेङ हाऊती मा?
नहीं, वह नहीं गाती।
पू, तआ पू चआङ।
क्या तुम्हारे पास साइकिल है?
नी यिऊ यी क चिआवो तआ चए मा?
हाँ, मेरे पास है।
यिऊ, वो यिऊ यी क चिआवो तआ चए।
क्या उसके पास सिगरेट है?
तआ यिऊ यान मा?
पू, तआ मेई यिऊ यान।

हिन्दी अनुवाद करो—

नी चिह ताऊ चाङ मू ला मा?
शिह् वो चिह ताऊ ला।

तआ मन ती सुए तआङ यिऊ यी क हुआ युआन।
पू, तआ मेई यिऊ हुआ युआन मा ?
नी यावो ताऊ यिन सी च्यू मा ?
शिह्, वो यावो ताऊ यिन सी च्यू।

बातचीत—

नी चो शुई ?   तुम क्यों बैठे हो ?
वो नावो ताई तऊङ—मेरे सिर में दर्द है।
चेक माई तो शावो चइएन ?
इसका क्या दाम है ?
वो पू माई।
मैं बेचना नहीं चाहता।
नी पू शिह् हाऊ जेन।
तुम अच्छे आदमी नहीं हो।
नी चाई चुङ कुवो ची निएन ?
तुम कितने वर्षों से चीन में हो।
वो चाई चुङ कुवो वू तिएन।
मैं पाँच वर्ष से चीन में हूँ।
नी चिह् तावो सान चिआवो पू चिह् तावो ?
क्या तुम तीन धर्मों को जानते हो ?
वू चिङ सू कुवो मेई यिऊ ?
क्या तुम पाँच धर्म शास्त्रों को जानते हो ?
वो पू चिह् तावो—मैं नहीं जानता।

सोलहवाँ पाठ

उदाहरण—

(शिह्—पू' तथा 'मेई यिऊ' के मुहावरे)

पू शिह्=वह नहीं है, वे नहीं हैं।
शिह् तआ ती=यह उसका है।
पू शिह् वो ती=यह मेरा नहीं है।
तआ मेई यिऊ वो ती पी=उसके पास मेरा पेन नहीं है।
वो यिऊ नी ती थी सान मेई यिऊ ?=क्या मेरे पास तुम्हारा कोट है ?
शिह् क क्रोऊ पू शिह् ?=क्या यह कुत्ता है ?

नोट—यहाँ "शिह्—पू शिह्" तथा "यिऊ—मेई यिऊ" का प्रयोग ध्यान देने योग्य है।

(१) 'क्या यह कुत्ता है ?'—के स्थान में चीनी लोग कहते हैं—"क्या यह कुत्ता है, है न ?"

इसी प्रकार "क्या मेरे पास तुम्हारा है ?"—के स्थान में कहते हैं—"क्या मेरे पास तुम्हारा है, पास है न ?"

(२) यिऊ शुई=मेरे पास पानी है। या यहाँ पानी है।
मेई यिऊ शुई=मेरे पास पानी नहीं है ? या यहाँ पानी नहीं है।
यिऊ शुई मेई यिऊ=पानी है न ?
पू शिह् यी क जेन=वह आदमी नहीं है।

चीनी भाषा में अनुवाद करो—

तुम्हारे पास कोई चीज है ?
क्या उसके पास पेन्सिल है ?

उसके पास नहीं है ।
क्या वह मूर्ख है ? वह मूर्ख नहीं है ।
यह क्या चीज है ? तुम क्या चाहते हो ?
उसके पास कौन सी चीजें हैं ?
उसके पास कुछ भी नहीं है ।
वह हमारा आदमी है ।
क्या है ? (क्या बात है ?) शन् मा ?
मैं कुछ नहीं चाहता ।

हिन्दी बनाओ ।

नी यिऊ तुङ सी मेई यिऊ ? तआ यिऊ कँ चइएन पी मेई यिऊ ?—मेई यिऊ । तआ शिह् यी क हूतऊ जेन पू शिह् ? पू शिह् हूतऊ जेन । चे क शिह् शन मा तुङ सी ? नी यावो शन मा ? तआ यिऊ शन मा तुङ सी ? तआ मेई यिऊ शन मा तुङ सी । तआ शिह् वोमन ती जेन । शन मा ? पू यावो शन मा ।

अभ्यासार्थ—

चीज=तुङ सी
मूर्ख=हूतऊ जेन
काई शिह्=शुरू करना
लड़की=न्यू त्जे
केमरा=चाऊ सिआङ ची
सिगरेट=यान
फूल=हुआ
पेन्सिल=चइएन पी
काई=खोलना
काई शो=समझाना
कोट=यी सान
रुपया=चिएन
राजा=कुवो वाङ
मक्खन=नीऊ यीऊ
उद्यान=हुआ युआन

बातचीत—

आज का समाचार क्या है ?
चिन तइएन यिऊ शन मा सिन वेन ?
क्या आपने आजका अखबार पढ़ा है ?
नी कआन को चिन तइएन ती पावो चिह् मा ?
पढ़ा है—कआन ला।
तुम समझते हो या नहीं ?
नी तुङ पू तुङ ?
मैं नहीं समझता। वो पू तुङ।
तुम कहाँ रहते हो ?
नी चाई शन मा ती फाङ ?
मैं इसी जगह का निवासी हूँ।
वो शिह् पन ती जेन।
तुम्हारे कितने लड़के हैं ?
नी यिऊ ची को पई त्जे ?
मेरे पाँच लड़के हैं।
यिऊ वू को पई त्जे।
क्या बजा है ?
ची तिएन चूङ ?
आठ बजकर पाँच मिनट।
पा तिएन वू फन।

—•—

सत्रहवाँ पाठ

('सकना' क्रिया के तीन प्रयोग)

हुई=सकना (प्राप्त ज्ञान, या बौद्धिक योग्यता)
नेङ=सकना (शारीरिक योग्यता)
कवो=सकना (अनुमति, संभावना आदि)

उदाहरण—

क्या तुम चीनी भाषा बोल सकते हो ?
नी हुई शो चुङ कुवो हुआ मा ?
मैं बोल सकता हूँ—वो हुई शो।
क्या तुम तैर सकते हो ?
नी नेङ यू शुई मा ?

मैं दौड़ सकता हूँ ।
वो नेङ चोऊ ।
तुम घर जा सकते हो ।
नी कवो ताई चाई चिआ-च्यू ।

मैं पत्र लिख सकता हूँ ।
वो हुई सिएन त्जे क सिन ।
वह पानी ला सकता है ।
तआ कवो ना शुई लाई ।

हिन्दी अनुवाद करो—

तआ पू नेङ लाई । वो पू हुई सिएन त्जे ।
वो चाई चे चो कवो पू कवो ?
तआ कआन सू हुई पू हुई ?

नोट—(१) सिएन=लिखना, त्जे=लिपि, ये दोनों शब्द मिलकर 'लिखना' क्रिया का बोध करते हैं । वस्तुतः 'सिएन' किसी वस्तु पर कुछ अङ्कित करने के अर्थ में आता है ।

(२) 'क्या वह यहाँ बैठ सकता है ?'—इसका अनुवाद करते समय—'वह यहाँ बैठता है, सकता—नहीं सकता—चीनी भाषा में लिखना पड़ेगा । जैसे तआ चाई चे चो कवो पू कवो ?

अभ्यासार्थ—

तैरना=यू शुई ।
पढ़ना=कआन सू
स्वीकार करना=चिए शोऊ
याद रखना=ची तेह्

दौड़ना=चोऊ
जाँच करना=चिआन चान
उधार देना=चिए
नाचना=तिआऊ वु

अठारहवाँ पाठ

(विधि वाक्यों का प्रयोग)

उसको रोटी दो=के तआ मिआन पाऊ।
भात लाओ=ना फान लाई।
मुझे लालटेन दो=ना तएङ लुङ के वो।
भीतर आओ=चीन लाई (घुस आओ)।
बाहर आओ=चऊ लाई (निकल आओ)।
उतर आओ=सिआ लाई।
मत बोलो=पू यावो शो हुआ (नहीं चाहिए बोलना बात)।
उसको लौटने को कहा=चिआवो तआ हुई च्यू।
(चिआवो=चिल्ला कर कहना। हुई=लौटना)
थोड़ी देर ठहरो=तङ यी हुई (यी हुई=थोड़ी देर)
कृपया, यहाँ आओ=चिङ ताऊ चेली लाई।
उठो=चई लाई। मत भूलो=पू यावो वाङ ची
सावधान हो जाओ=सिआवो सिन।

चीनी भाषा में लाओ—

दरवाजा खोलो। खिड़की बन्द करो। पाठ शुरू करो। फल लाओ। मत गाओ। एक कहानी कहो। चाय बनाओ (शुरू करो चाय—चई चआ)। कृपा करके मेरा अनुसरण करो। अब मत पढ़ो। यह लिख लो। बैठिये, बैठिए (के चो, के चो)।

अभ्यासार्थ—

खिड़की=चउआङ हू। कृपा करके=के, चइङ। कहना=काऊ सु। गाना=चआङ। कहानी=कू शिह।

नोट—(१) 'के' और 'ना—के'—दोनों देने के लिए इस्तेमाल होते हैं। परन्तु सीधे तौर पर कोई वस्तु देनी हो तो 'के' का प्रयोग करेंगे। जैसे—'मुझे रुपया दो—के वो चइएन।' परन्तु कोई वस्तु हाथ से उठाकर देनी हो तो 'ना' का प्रयोग करेंगे क्योंकि 'ना' हाथ से उठाने के अर्थ में आता है। जैसे, 'मुझे एक प्याला दूध दो—ना थी पेई निऊ नाई के वो।' अथवा, 'वह किताब यहाँ लाओ—ना थी पन सू ताऊ चेली लाई।' हिन्दी के लाओ (लेकर दो) के अर्थ में वस्तुतः ना—के (लाओ—दो) प्रयुक्त होता है। लाओ (लेकर आओ) के अर्थ में 'ना—लाई' प्रयोग होगा।

(२) साधारणतः विधि वाक्य में क्रिया पद पहले आता है।

उन्नीसवाँ पाठ

('हाऊ के विभिन्न प्रयोग)

यह वस्तु अच्छी है।
चे क तुङ सी हाऊ।
क्या वह कलम ठीक है ?
नाली पी हाऊ पू हाऊ ?
मैं अच्छी कलम चाहता हूँ।
यावो पी हाऊ ती।
यह किताव उससे अच्छी है।
चे सू पी ना ती हाऊ।

वह स्वभाव से ही बुरा है।
तश्रा पन लाई शिह् को पू हाऊ जेन।
तुम्हारी बात समझना आसान है।
नी शो हाऊ तुङ।
यह कहना उचित नहीं।
चे क पू हाऊ शो।
क्या तुमने पूरा कर लिया ?
चो हाऊ ला मेई यिऊ ?
खाने में अच्छा है या नहीं ?
हाऊ चई पू हाऊ चई ?
यह विचार ठीक नहीं।
पू हाऊ ई स्यू
वह कारीगर है—तश्रा शिह् हाऊ शोऊ।

बीसवाँ पाठ

युग्म शब्द प्रयोग

सिश्रावो ती=सेवक
तो शावो=कितने
चऊ—च्यू=निकल जाना
हुई—च्यू=लौटजाना
मिङ—काई=उचित
सियेन—शन=महाशय
हाऊ—शो=सिद्ध हस्त, कारीगर
पू चाई=मरना
चिन लाई=प्रवेश करना
कवो—ई=संभाव्य
ची—क=कितना
सियेन—जेन=पूर्वज
शेन लाईती=जन्मजात, प्राकृतिक
शो—चुङ=हाथ में

चिआवो—शूती = स्कूल मास्टर
वन—हुआ = सुन्दर शैली
चिआवो—हुआ = भाषा सिखाना

शाङ—फाङ = बँगला
सिआ—फाङ = झोंपड़ी
हाऊ—कआन = दर्शनीय
पिङ—लाङ = सुपारी

शो—जी = हस्तगत
कआन—मनती = द्वारपाल
सिङ – जेन = बादाम
कउआङ—त्जे = टोकरी

उदाहरण—

महाशय मैं आपकी बात नहीं समझता।
सियेन शन शोती हुआ वो पू तुङ
यह मन्दिर दर्शनीय है
चे मिआवा पू शिह् हाऊ-कआन।
वह वत्तक दर्शनीय नहीं है
ना या-त्जे हाऊ यू कआन।
क्या झोंपड़ी बङ्गला से अच्छा नहीं है ?
सिआ-फाङ पी शाङ-फाङ हाऊ, मेई यिऊ ?
यह टोकरी बादाम और सुपारी से भरी है।
चेक कउआङ-त्जे यान सिङ—जेन केन पिङ—लाङ।
द्वारपाल वहाँ खड़ा है—
यीक कआन—मन ती चान चाई नाली।
एक स्कूल मास्टर मुझको चीनी भाषा सिखाते हैं—
यीक चिआवो—शू ती चिआवो वो युङ कुवो हुआ।
उसके माता—पिता जीवित हैं ?
तआ फू—मू चाई पू चाई ?
मर गये हैं—पू चाई ला।

बातचीत—

मित्र को आमन्त्रित किया ?
चइङ ला पएङ थिऊ लाई ?
शिक्षक महाशय आ गये ?
सियेन शेन लाई ला, मेई थिऊ ?
मैं पहले ही आया हूँ। वो शिह् सिएन लाई ती।
बैठिए, बैठिए—चइङ चो, चइङ चो।
मैं बैठ नहीं सकता—वो पू नेङ चो सिआ।
वह कुटुम्बी नहीं है—पू शिह् पन चिआ।
वह सम्बन्धी है—शिह् चइन चई।
वह आ सकते हैं या नहीं ?
तआ कवो—ई लाई पू कवो—ई लाई ?
वे कल आ सकते हैं—
तआमन मिङ तइएन कवो—ई लाई।
एक रुक्का लिखो। सिए यी क त्जे।
क्या तुम लिख सकते हो ? नी हुई सिए त्जे मा ?
मैं तुम्हारे लिए लिखूँगा। वो यावो के नी सिए।
तुम्हारे अक्षर मुझसे अच्छे हैं।
नीती त्जे पी वोती त्जे सिए ती हुआ।

इक्कीसवाँ पाठ

यात्रा

आवो ! आवो !—लाई ! लाई ?
शीघ्रता करो—कई ! कई !

देर हो रही है—तइएन पू चोउ।
आप कहाँ जा रहे हैं ? नी शाऊ ना ?
कलकत्ता जा रहा हूँ। वो शाऊ कलकत्ता।
कब प्रस्थान कर रहे हैं ? नी तो—चान चई शन ?
कल प्रस्थान करूँगा। वो यावो मिङ तइएन चई शन।
क्या आपने मोटर भाड़ा किया ?
नी कूला चिऊ यी क चई चे मेई यिऊ ?
मैं ट्रेन से जा रहा हूँ। वो चोऊ हो चए।
कितना रुपया लगेगा ? यावो तो शावो चइएन ?
तीस रुपये—सान शह् चइएन।
कलकत्ता कितनी दूर है ? कलकत्ता ली चे तो यूआन ?
कब हम कलकत्ता पहुँचेंगे ? ची एर तो कलकत्ता ?
ट्रेन आ गयी—हो चए लाई ला।
चलिए चढ़ें—चो चए
दरवाजा खोलो—काई मन।
खिड़की बन्द करो—काऊ शाऊ चवाऊ हू।
फल खरीदना चाहता हूँ। यिऊ माई को त्जे।
मैं रोटी भी लेना चाहता हूँ। हाई यावो मिएन पावो।
कै बजे गाड़ी पटना पहुँचेगी ?
ची तिएन—चुङ चीएर तो पटना ?
साढ़े छः बजे सवेरे। लियू तिएन पान—चुङ चाओ शाङ।
मैं लेटना चाहता हूँ, नाराज मत होना।
वो यावो तआङ—सिआ, पू यावो शङ चई।
घण्टी हो गयी—ता चुङ।

बाइसवाँ पाठ

युग्म क्रियाएँ

क्ष्यान—शू = पढ़ना	क्ष्यान—चिएन = दृष्टिगत होना
कावो—सू = कहना	काई—शाऊ = ढकना
कुवो—लिन = छानता	काऊ शाऊ = बन्द करना
केई—चइएन = चुकाना	चिए—केई = उधार देना
चिएन—चई लाई = चुनना	चो—हुवो = काम करना
चिह्—ताओ = जानना	तग्राऊ—सिम्रा = लेट जाना
तइऊ—चिएन = श्रवण गोचर होना	
ता—चिम्रा = लड़ना	ता—यिऊ = जवाब देना
तान—इ—तान = झाड़ना	तिऊ—चाऊ = नाल बाँधना
तुऊ—ते = समझना	ना—लाई = लाना
यावो—इ—यावो = तौलना	यू—पिऊ = बीमार पड़ना
लिऊ—सिम्रा = रखना	लिऊ—सिन = देखभाल करना
सा—हुम्राऊ = झूठ बोलना	सिए—त्जे = लिखना
सिम्रावो—सिन = सावधान रहना	
सी—चावो = स्नान करना	सी—हुआन = चाहना
सो—शाऊ = ताला लगाना	शोऊ—शिह् = सुधारना
हु—शाऊ = चिपकाना	

उदाहरण—

कुएँ का पानी लाता है । ना चिऊ शुई नालो ।

मैं बाहर जाता हूँ, सावधान रहना ।

सिम्रावो—सिन, वो यावो चऊ मन ।

बक्स में ताला लगा दो । सो—[illegible] त्जे शाऊ ।

कपड़े कम्बल से ढक दो—इ—शाऊ चो काई—शाऊ चान त्जे ।

कमरे को झाड़ दो। तान—इ—तान फाङ चिआन।
मुझे पाँच रुपये उधार दो। नो चिए वो वू केई चइएन।
झूठ मत बोलो। पू यावो सा—हुआङ।
मैं चीनी पुस्तक पढ़ रहा हूँ। वो कआन चुङ कुवो शू।
वह चारपाई पर लेटता है।
तआ तआङ चउआङ—शाङ सिआ।
चीनी भाषा लिखना कठिन है। युङ कुवो सिए—त्जे हेङ नान।

तेईसवाँ पाठ

स्थान—समय बोधक युग्म शब्द

ती—फाङ=स्थान	पन—ती=स्थानीय
चो—पिएन=इधर	ना—पिएन=उधर
वाई—तवो=बाहर	ली—तवो=अन्दर
चाओ शाङ=प्रातः	वान शाङ=सायं
चेङ तइएन=दिनभर	चिन-तइएन=आज
चो तइएन=गत कल	मिङ तइएन=आगामी कल
चइएन—तंइएन=गत परसो	हो—तइएन=आगामी परसो
पन—यूए=वर्तमान महीना	चइएन—यूए=गत महीना
ना—क शी—हो=उस समय	सिआ-यूए=आगामी महीना
चिन—निएन—चालू वर्ष	च्यू—निएन=गत वर्ष
मिङ—निएन=आगामी वर्ष	सिएन—निएन=गत वर्षों
चे—क शी—हो=इस समय	

उदाहरण—

वह प्रातः कुएँ से पानी भरता है—
तआ चाओ—शाङ ता चिङ शुई।

इस समय अपना सुधार करो—
चे—क शी—हो शी—शीन नी चिह ची।
गत वर्षों वर्षा नहीं हुई। सिएन-निएन पू सिआ यू ला।
वर्षा होती है। सिआ यू।
परसों हवा तेज थी—चइएन-तइएन यिऊ ता फुङ।
मैं शामको भीतर नहाता हूँ।
वो वान—शाङ सीचावो ली—तवो।
आज मौसिम खूब अच्छा है। चिन-तइएन चई हेङ हाऊ।
अगले वर्ष कारखाने में काम शुरू होगा।
मिङ-निएन कुङ—फाङ यावो तुङ कुङ।
इस महीने में मुझे फुरसत नहीं है—
पन-यूए मेई यिऊ कुङ तइएन।

चौबीसवाँ पाठ

बातचीत—

तुम्हारा धर्म क्या है? नी ती चिआवो शन मा?
कोई धर्म नहीं है—पू चिआवो।
सावधान रहो, मत डरो। सिआवो सिन, पू आवो पआ।
मेरा भाषण आसान था या नहीं?
वो हुआ हाऊ तुङ पू हाऊ तुङ?
आपका भाषण मैं नहीं समझ पाता। नी शो वो पू तुङ।
तुम पैदल जावोगे—नी यावो चाऊ लाई ती।
निश्चित नहीं है—पू तिङ।
उसे लौट जाने के लिए कहो। चिआवो तआ हुई च्यू।
आम रास्ता नहीं है—कुवो पू च्यू।

वह कहता है कि मैं नहीं लौटना चाहता।
तआ शो पू यावो हुई लाई।
यह कहना अच्छा नहीं—पू हाऊ शो।
उसे चले जाने के लिए कहो। तआ चोऊ चिआवो।
अपना काम देखो—नी चोऊ नी ती।
वह जरूर जायगा—तआ पी यावो च्यू।
बहुत मत बोलो—पू यावो तो शो हुआ।
तुम विषयान्तर जा रहे हो। नी चाई-चाई तवो शो हुआ।
आप गलती पर हैं—नी चोऊ चओ ला।

पचीसवां पाठ

बातचीत—

सच बोलो—नी शो शिह् हुआ।

आज कौन दिन है ?	चिन तइएन ली-पाई ची ?

आज शुक्रवार है—ची-एर ली-पाई वू।

तारीख कौन है ?	चिन-एर चो-एर ला ?
आज पाँचवां तारीख है	चिन तइएन चऊ वू।
देर हो गयी।	ता वान ला।
कोई हर्ज नहीं	पू यावा चिन।

मैं चाय पीना चाहता हूँ। वो यावो हो चआ।
महाशय, यदि आप चाय नहीं पियेंगे तो क्या पियेंगे—सिआन शेन, पू हो चआ हो शेन मा ?
मैं सिगरेट पीना चाहता हूँ। यावो यिऊ चओऊ यान।
क्या आपके पास सिगरेट है ? नी यिऊ यान मा ?
नहीं मेरे पास नहीं है। पू, वो मेई यिऊ।

हाँ, है—शिह्, यिऊ।
क्या तुम्हारे पास व्याघ्र चर्म है ? यिऊ लिऊ हू-पई मेई यिऊ ?
अच्छे किस्म का नहीं है ? चएङ-सो पू हाऊ।
इस चर्म का क्या दाम है ? चे पई यावो तो-शावो चइएन ?
पाँच रुपये—वू चइएन।
आप ठीक कहते हैं—पू चओ (गलत नहीं है)
मैं कुछ तसवीरें खरीदना चाहता हूँ। यावो माई हुआ-पईं।
क्या तुम्हारे पास कोई अच्छा धूप बत्ती है ?
यिऊ हाऊ सिआङ-लू मेई यिऊ ?
यह भगवान् शङ्कर बैल पर सवार हैं।
चे शिह् लावो त्जे चई निऊ।

सैनिक शब्दावली

अनुशासन = ची-ल्यू
अनुशासन (भङ्ग) = वेई-फान च्यून-ची
अश्व सैन्य = चई-पिङ
अवशेष = चआन-पिङ
उड़ान = हाङ कउङ
आक्रमण = कुङ
कारतूस = चइआङ—तान
कर्नल = शाङ सिआवो
कैप्टन = शाङ-वेई
कीटाणु = सो-च्यून
कोर्ट मार्शल = च्यून-फा चआई-पआन
जलसेना = हाईच्यून
गोली = त्जे-तान, तानवान
जेट = शे-कवोऊ
जीत = शेङ—ली
ट्रैक्टर = चइएन-चिन-चए
टारपीडो = यू-लेई
टैङ्क-विरोधी = चान-चए फाङ-यू
टैङ्क = चान—चए
धावा = सी-ची
तोप = चिआ-नुङ पआवो
निशाना = चावो-चुन
निरपेक्ष = [illegible]—ली

परायज = चान-पाई
पुनर्गठन = चेङ-तुन
परेड = यूए—पिङ
परेड मैदान = चावो-चआङ
पैदल सेना = पू—पिङ
बम्ब = चा—तान
बम्ब बाजी = हुङ चा
ब्लैक आउट = तेङ-हुवो कुआन-ची
मेजर = शावो-सिआवो
मोर्चा = हुई-चान, चो-चान
युद्ध-आहत = शाङ-वाङ
युद्ध घोषणा = स्यू आन-चान
युद्ध-पोत = च्यून-चिएन
रङ्गरूट = सिन-पिङ
रण कौशल = चान—शु
रण-नीति = ल्यूए
राकेट = हुओ-चिएन
राष्ट्र-रक्षा = कुवो फाङ
रेजीमेंट = तउआन
लेफ्टिनेंट कर्नल = युङ सिआवो
वर्दी = च्यून-फू
वायुयान = हाङ-कउङ ची
वायुसेना = कउङ-च्यून
विराम सन्धि = तइङ-चान
शिविर = पिङ
शस्त्र = पिङ-चई
शस्त्रागार = च्यून-सिए-कउ
शस्त्रीकरण = वू-चुआङ
सेनापति = तए-ची शाङ-चिआङ
सैनिक अनुशासन = च्यून-ची
सैनिक डाक विभाग = च्यून-यू
„ सूचना = तिएन-पावो
„ शिक्षा = च्यून शिह्-चिआवो-यू
सैन्य वृद्धि = यूआन-च्यून
सैन्य सञ्चालन = तुङ-यूआन
हवाई अड्डा = कउङ-च्यून केन-च्यू ती
„ आक्रमण = कउङ-चुङ कुङ ची
„ सिगनल = फेई-ची सिन-हावो
„ बेड़ा = हाङ-कउङ तुई

अतिरिक्त शब्द-कोष

(क)

चीनी--हिन्दी

आई = चाहना, प्रेम करना
आई-कुवो = देश भक्त
आन-चिआन = मुकदमा
आन-चिङ = शान्ति
ई = विचार, राय
ई = काम चलना
ई-तिङ = निश्चित
ई-पान = आधा
ई-वाई = दुर्घटना
ई-शाङ = वस्त्र, पोशाक
ई-त्जे = साबुन
एर-तो = कान
एर्ह-तेङ = दूसरा दर्जा
एर्ह-त्जे = पुत्र
ओ-तो = भूखा
क्आऊ ल्यू = विचार करना
क्आङ-कआङ = ठीक
क्आन = देखना
क्वान-शू = [illegible]

क्आन-चिएन = देखना
कउङ-ची = वायु
कवन-त्जे = छड़ी
कओ = प्यासा
कओऊ-तवोऊ = मौखिक,जवानी
काई = जल्दी
काई-लो = सुखी
काई = खोलना
काई-शाङ = ढकना
काई-शिह् = शुरू करना
काई-शो = समझाना
काओ = ऊँचा
काओ-सू = कहना
कान-कान = कठिन
कुआई = तेज
कुआन = बन्द करना
कुएई-ताङ = फाइल
कुओ-चिआ = देश, राष्ट्र
कुओ-ची = अन्तरराष्ट्रीय

कुओ-तुआन = फैसला
कुओ-वाङ = राजा
कु-ची = भग्नावशेष
कुङ = मजदूर
कुङ-कवो = पाठ
कुङ-चिएन = मजदूरी
कुङ-चो = काम करना
कुङफा = कानून
कुङ-फाङ = कारखाना
कुङ-फू = काम
कुङ-युआन = पार्क
कू-मू = चाची
कू-शिह् = कहानी
के = देना
केन = अनुसरण करना, से, द्वारा
केर-केर = बड़ा भाई
कोऊ = कुत्ता
को-चाई = रखना
को-चू = भूतकाल
को-त्जे = फल
को-नेङ = योग्य
कोवू = पर्याप्त
को-सिआ = महाशय
काङ = प्रकाश
कोई = महँगा
चआ = चाय

चआई = तरकारी
चआई-कुङ = दर्जी
चआङ = गाना
चआन-चेङ = युद्ध
चइआङ = बन्दूक
चइआङ चुआङ = मजबूत
चइआन = तलवार
चइआ शोऊ = परिचय देना
चइआवो = पुल
चई-लाई = उठना
चइऊ = गोंद, भीख माँगना
चइङ = कृपा करके
चइ-कुआई = अद्भुत
चइ-होऊ = मौसिम
चउ = सिरका
चउआङ = बिछौना, चारपाई
चउआङ हू = खिड़की
चउआन = जहाज, नाव, पहनना
चउङ-मिङ = चतुर
चउङ-चिआन = पहले
चउ-च्यू = निकल जाना
चउ-फाङ = रसोइया
चउन = बेवकूफ
चउन-तइएन = वसन्त
चउ-फाङ-त्जे = रसोई घर
चउ-लिआवो = सिवा, अतिरिक्त

चएङ=चढ़ना, सवारी करना
चएङ-कुङ=सफल होना
चएङ-शी=शहर
चओउ-यान=सिगरेट पीना
चाई=पर (होना किसी स्थानपर)
चाई=फिर
चाऊ=पाना, सवेरे (पहले)
चाऊ चआन=जलपान
चाऊ ची=केमरा
चाऊशाङ=प्रातः
चाऊ सिआन=फोटो
चाङ=गन्दा
चाङ फू=पति
चान=खड़ा होना
चान त्जे=कम्बल
चिआ=घर, जोड़ना
चिआ चिएन=मूल्य
चिआ तइङ=परिवार
चिआ फे=काफी
चिआ शिह्=यदि
चिआ शी=हाँकना
चिआङ=कहना
चिआङ-चिऊ=मसाला
चिआन-मिआन=सामने
चिआन-लान=कठिन
चिआवो=मुकरना, सिखाना
चिआवो ताचें=साइकिल
चिआवो ते=महसूस करना
चिऊ=बचाना
चिऊफू, चिऊचिऊ=चाचा
चिए=उधार देना
चिए चिए=बड़ी बहन
चिए माई=बहिन
चिए शोऊ=स्वीकार करना
चिए हून=शादी करना
चिएन=रुपया
चिएन चईलाई=चुनना (उठाना)
चिएन शिह्=जेब घड़ी
चिङ=कुआँ, चुप, धर्मशास्त्र
चिङ चा=पुलिस
चिङ चाचू=पुलिस स्टेशन
चिङ चाङ=इन्सपेक्टर
चिङ तो=लेन्स
चिङ त्जे=स्वर्ण
चिन=समीप
चिन चिन=केवल
चिन यावो=प्रसिद्ध
चिन येन=अनुभव
चिन लाई=प्रवेश करना
चिन-ली=मैनेजर
चिह्=शब्द, कागज, केवल
चिह ताओ=जानना

चिह् त्जे=कर्त्तव्य
चिह् पिङ=रोग
चिह् शिह्=ज्ञान
ची=निकलना, भेजना
ची चई=मशीन
ची जान=जब से
ची तान=झण्डा
ची तेह=याद रखना
ची शिह्=कब
ची हुए=मौका
चुआन=ईंट
चुइ चिन=अन्तिम (पीछे का)
चुइ ची=पीछा करना
चुइ सुई=अनुसरण करना
चुङ तिआन=घण्टा
चुङ तुङ=सभापति
चुङ मिङ=बुद्धिमान
चुङ ली=निष्पक्ष
चू=ठहरना
चू चउङ=फुटबाल
चू चिह्=पता
चू फू=दादा
चू फेई=बिना
चू मू=दादी
चू लू पू=क्लब
चे=यह, मोटरकार
चे तआई=टायर
चे याङ=ऐसा
चे ली=यहाँ
चेङ कए=मुसाफिर
चेङ यूए=जनवरी
चो=काम करना, बनाना, बैठना
चोऊ=दौड़ना
चोऊ लू=टहलना
चो त्जे=मेज
चो तइएन=कल (बीता)
चो मूङ=सपना
चो वेई=आसन (स्थान)
च्यू=जाना
च्यू तइएन=पतझड़
च्यू त्जे=नारङ्गी
च्यू वेई=मजेदार
च्यून कुआन=अफसर
च्यून चुए=इनकार
जेन=आदमी
जेन मिन=जनता
तआऊ चोऊ=बच निकलना
तआङ=शोरुवा
तआङ सिआ=लेट जाना
तइआऊ=कूदना
तइआऊ वू=नाचना
तइङ=रुकना, सुनना

तउङ=और
तउङ क्वो=पास से जाना
तउङ चिह्=राय देना, सूचना
तउङ तउङ=सब
तउ हुआ=चित्र
ता=बड़ा, मारना, से, द्वारा
ता फू=जवाब देना
ताई=लाना, ले जाना
ताई त्जे=पाकट
ताऊ=पहुँचना
ताऊ त्जे=चाकू
ता चिआ=लड़ना
तान-इ-तान=झाड़ना
तान तू=अकेला
तान शिह्=किन्तु
ता लिए=शिकार करना
तिआऊ यू=मछली मारना
तिआन चे=ट्राम
तिआन पाऊ=तार
तिआन हुआ=फोन
तिएन=एलेक्ट्रिक
तिएन कुङ=आसमान
तिएन तिएन=जाँच करना
तिएन मन=स्विच
तिएन सिन=फुलौड़ी
ती=जमीन, पैदा, फर्श.
ती चिह्=पता ठिकाना
ती तऊ=नकशा
ती ती=छोटा भाई
ती फाङ=स्थान
तुङ=और
तुङ तइएन=जाड़ा
तुङ ते=समझना
तुङ पआन=साथी
तुङ फाङ=पूरब दिशा
तुङ सी=चीज, वस्तु
तू=पढ़ना
तूई=ठीक
तूई पूची=अफसोस
तेङ=इन्तजारी करना
तेङ ताऊ=जब तक
तेह् कुवो=जर्मनी
तेह् ताऊ=पाना
तो=अधिक, बहुत
तो ती=और अधिक
तो तेङ=पहला दर्जा
त्सो=बायाँ
त्सावो (चावो)=स्नान करना
त्सावो पअन=स्नान
ना=वह, लेना
नाके=जो
नान फाङ=दक्षिण दिशा

ना-लाई = लाना
नाली = वहाँ, कहाँ
निआवो = चिड़िया
निऊ नाई = दूध
निऊ यिऊ = मक्खन
निएन = वर्ष
निएन चइङ = जवान, युवक
निएन शुई = उम्र
नुली = प्रयत्न
नुङ फू = किसान
नेङ = सकना
न्यू जेन = स्त्री
न्यू त्जे = लड़की
पआई = कार्ड
पइआऊ = टिकट
पइआऊ लिआङ = सुन्दर
पइआन चिह् = फिल्म
पइआन यी = सस्ता
पइङ को = सेव
पई = जरूर
पऊ त्जे = दूकान
पएई = प्याला
पएङ यिऊ = मित्र
पाई = सफेद, पूजा, सत्कार करना।
पाऊ काऊ = रीपोर्ट
पाऊ तान = खौफिया, गुप्तचर
पाङ चू = मदद
पान कुङ तिङ = आफिस
पिआऊ = जेब घड़ी
पिआन = होना
पिए ती = परस्पर
पिङ = सिपाही, बीमार
पिङ आन = सुरक्षित
पिङ लाङ = सुपारी
पी = पेन्सिल
पी चिऊ = शराब
पी त्जे = नाक
पी यावो = जरूर
पू काई = बिस्तरा
पू तउङ = साधारण, अन्तर
पू शिह् = नहीं
पेई ती = अन्य
पेई फाङ = उत्तर दिशा
फन = हिस्सा
फा कुवो = फ्रांस
फाङ = रखना
फाङ त्जे = मकान
फाङ चिआन = कमरा
फा तिङ = कचहरी
फान = भात
फान कआङ = रोकना

फान-इ कुआन = अनुवादक
फान-यी = अनुवाद करना
फाह् = सजा
फू = वेतन, धनी, कुल्हाड़ी
फू चइन = पिता
फू चिन = पड़ोस
फू त्जे = महापुरुष, महात्मा
फू त्सउङ = आज्ञा पालन
फू सिआवो = उषा काल
फेई = मोटा
फेई चाऊ = साबुन
फेङ शान = पंखा
मन = दरवाजा
मा = घोड़ा
माई = खरीदना, बेंचना
माई के = प्रत्येक
माऊ = बिल्ली
माऊ त्जे = हैट
माङ = व्यस्त
मान = मन्द
मिआन पाउ = रोटी
मिएन कउङ = चेहरा
मिङ = नाम
मिङ तिएन = आगामी कल
मिङ लिङ = आदेश
मु चइन = माँ
मे ई = कोयला
मेई यिऊ = कुछ नहीं
मेई स्यू = कला
मे कुवो = अमेरिका
यान = सिगरेट
यावो = चाहना, पसन्द करना
यावो-इ-यावो = तौलना
यिन = जीतना
यिन सिउङ = वीर
यिन सी = सिनेमा
यिह त्जे = कुर्सी
यी चिह् = एकबार
यी तउङ = एक साथ
यीऊ युङ = उपयोगी
युआन = दूर
युङ ला = खर्च करना
यू = वर्षा, दाहिना
यूए = चन्द्रमा, महीना
यू कउआई = आनन्द
यू चिएन = भेंट करना
यू पी = तैयारी करना
यू पीङ = बीमार पड़ना
ये सू तान = क्रिसमस
ला = खींचना, ढकेलना
लाई = आना
लाऊ = पुराना, बूढ़ा

लाऊ पो=पत्नी
लान सिङ्=नीला
लिआङ के=दोनों
लिऊ सिआ=रखना
लिऊ सिन=देखभाल करना
ली काई=छोड़ना
ली तवोऊ=में
ली पाई तआङ=गिरजा
ली मिआन=भीतर
ली यिऊ=कारण
लुन चुआन=स्टीमर
लुन त्जे=पहिआ
लू=सड़क
लु च्यून=सेना
लेङ=ठण्डा
ल्यू कुआन=होटल
ल्यू सिङ=यात्रा, सफर
ल्यू सिङ्=वकील
वाई कुओ=विदेश
वाई तआऊ=बाहर
वाङ चइऊ=टेनिस
वाङ चो=भूलना
वाङ होऊ=रानी
वान=खेलना, पूरा करना
वान चुआन=सारा
वान फान=रात का खाना
वान शाङ=रात
वू चिआन=वाड़ा लगाना
वू लुन नाके=कोई आदमी
वू लुन जूहो=तथापि
वू लुन होवु=प्रत्येक वस्तु
वू लुन हो जेन=प्रत्येक आदमी
वेई=के लिए
वेई शेन मा=क्यों
वेन=पूछना
वेन तई=प्रश्न
वो=मैं
वो मन=हम लोग
शाओ=थोड़ा
शाओ त्जे=चम्मच
शाङ=ऊपर
शाङ जेन=सौदागर
शाङ ती=ईश्वर
शान=पहाड़
शिङ्=हाँ, है, हो, दस
शिङ् चिआन=समय घंटा
शिङ् चिए=संसार
शिङ् चआङ=सादा, बहुधा
शिङ् चइङ=बात, धंधा रोजगार
शिङ् होऊ=समय
शुई=कौन, पानी
शेन=गहरा

शेन चाङ=बढ़ना
शेन तई=शरीर
शेन मा=क्या
शेन मिङ=जीवन
शेन यिन=आवाज
शेन लिन=जङ्गल
शेन यो=धन्धा
शो=बोलना
शोऊ=हाथ, पक्का
शोऊ चिह्=अङ्गुली
शोऊ ताऊ=पाना
सा हुआङ=झूठ बोलना
सान तेङ=तीसरा दर्जा
सिआ=तङ्ग, नीचे, अन्धा
सिआ तइएन=ग्रीष्म
सिआङ=सोचना
सिआङ चउन=गाँव
सिआङ सिन=विश्वास करना
सिआन चाई=अब, वर्तमान
सिआवो=हँसना, छोटा
सिआवो चउआन=नाव
सिआवो तेह्=समझना
सिआवो सिन=देखभाल
सिआवो हाई त्जे=लड़का
सिउङ=सीना, छाती
सिउङ ती=भाई

सिए=लिखना
सिए त्जे=जूता
सिए हुई=सोसायटी, सङ्घ
सिएन चिएन=नकद रुपया
सिङ ली=सामान
सिन यून=भाग्य
सी=धोना
सा-इ-ताङ ती=धोबी
सी ताई=ले जाना
सो युएन=थियेटर
सी हुआन=चाहना, पसंद करना
सुआ त्जे=कंघा
सुई=पानी
सुई चिआवो=सोना
सुई जान=यद्यपि
सुई शोऊ=नाविक
सुए=सीखना, वर्फ
सुए तआङ=स्कूल
सुए शेन=छात्र
सुङ=विदा करना
सू=किताब, पेड़, वर्णन करना
सूची=क्लर्क
सूफ़=चाचा
सूयू=अधिकार में होना
सो यी=इसलिए
सो साङ=ताला लगाना

स्यूए = खून
स्यूतो = अनेक
स्यू यावो = आवश्यक
स्वान = गिनना
हाई = समुद्र
हाई कुआन = चुङ्गी घर
हाऊ = अच्छा, दयालु
हुआ = फूल, खर्च करना
हुआई = खराब
हुआ युआन = उद्यान, बागीचा
हुआङ सिह = पीला रङ्ग
हुआन = अब तक, स्वागत करना, बदलना
हुआन मेई = तथापि
हुई ई = सम्मेलन
हुई चिआवो तआङ = मस्जिद
हुई च्यू = लौट जाना
हुई लाई = लौट आना
हुओ शिह त्जे = टमाटर
हू चिआवो = मिर्चा
हे = काला
हे आन = अँधेरा
हेङ = बहुत, घृणा करना
हो = नदी
होऊ = बाद
होऊ तइएन = परसो
होऊ लुङ = गला
हो चए = ट्रेन
हो चए चान = स्टेशन
हो फे = शायद, या
हो पिङ = शान्ति

अतिरिक्त शब्द-कोष

[ख]

हिन्दी-चीनी

अकेला=तान तु
अङ्गरेज=यिन कुवो जेन
अङ्गरेजी=यिन कुवो हुआ
अङ्गुली=शोऊ त्जे;
अखबार=पाऊ चिह्
अक्सर=शिह् चआङ
अच्छा=हाऊ
अद्भुत=चई कुआई
अन्तर=पू तङ
अन्तर राष्ट्रीय=कुवो ची
अन्धा=सिआ
अन्धेरा=हे आन
अधिकारी वर्ग=कुआन ली
अनुभव=यिन येन
अनुपस्थित=पू ताओ
अनुवाद करना=फान यी
अनुवादक=फान यी कुआन
अनुशासन=ची ल्यू
अनुसार=यी चाऊ

अपराध=कुवो शिह्
अफसोस=तुई पू ची
अफीम=ता येन, या पइएन
अभी तक=हुआन
अमेरिका=मे कुवो
अस्पताल=ई युआन
आकाश=तइएन कुङ
आकाश वाणी (रेडिओ)=कुआङ पो
आँख=येन चिङ
आखिरी=चुई होऊ
आग=हुओ
आगे=चाई चिआन
आज्ञा पालना=कु त्सङ
आटा=मिएन
आदमी=जेन
आदेश=मिङ लिङ
आधा=यी पान
आँधी=[illegible] फेङ

आना = लाई
आनन्द = यू कऊ आई
आन्दोलन = चान ई
आफिस = पान-कुङ-शिह्
आलपीन = शुआन
आलू = शान यावो तोऊ
आवश्यक = स्यू यावो
आवाज = शेन यिन
आशा करना = सी वाङ
आसान = युङ यी
इङ्गलैंड = यिन कुवो
इञ्जन = यिन चइङ
इन्कार करना = च्यू चुए
इच्छा करना = युआन वाङ
इन्तजारी = तेङ
इन्धन = जान लिआवो
इसलिए = सोयी
ईंट = चुआन
ईश्वर = शाङ ती
उठना = ची, चई लाई
उत्तर दिशा = पेई फाङ
उत्तर देना = ता फु, ता यिङ
उद्यान = हुआ युआन
उधार देना = चि एह्
उपयोगी = यिऊ युङ
उम्र = निएन शुई

ऊँचा = कावो
ऊँट = लो तवो
ऊपर = शाङ, ची
एक साथ = यी तङ
एक बार = यी चई
एलान करना = स्युआन पू
ऐसा = चे याङ
और = तुङ हो, केन
औरत = न्यू जेन
कक्षी = शूत्जे
कठिन = कान नान,
कड़ा = चिआन लान, यिन
कब = चि शिह्
कबूतर = के
कम = शाओ
कम्बल = चान त्जे
कमरा = फाङ चिआन
करना = चो
कल (गत) = चो तइएन
कल (आगामी) = मिङ तइएन
कला = मेई स्यू
कहना = चिआङ, काऊ सू
कहाँ = नाली
कहानी = कु शिह्
कान = एर तो
कापी = चआऊ

काफी = चिआ फे
काफी (पर्याप्त) = कोवु
काम = कुङ चो
कारण = ली यिऊ
काला = हे, हे सिह्
कार्ड = पआाई
कार्यकर्त्ता = चो ये
कितना = तो शाओ
किताव = शू
किसान = नुङ फू
कुत्ता = कोऊ
कुर्सी = इत्जे
कुहरा = वू
कुआँ = चिङ
कूदना = तइआऊ
कृपा करके = चइङ
कोई = वू लुन नाके
कोट = यी सान
कोशिश = शि शि
कोष = चिह् तिआन
कौन = शुई
क्या = शेन मा
क्यों = वेई शेन मा
क्योंकि = यिन वेई
क्रिसमस = ये सू तान
क्रम = चुलू पू

खड़ा होना = चान
खरीदना = माई
खरगोश = तऊ त्जे
खर्च करना = हुआ, फेई
खाना = चई
खिलाना = वेई
खींचना (ढकेलना) = ला
खीरा = हुआङ कुआ
खुश = सी हुआन
खूबसूरत = पइआवो लिआङ
खेलना = वान
गधा = ल्यू
गन्दा = चाङ
गरीब = चयूङ
गला = होऊ लुङ
गवर्नमेंट = कुआन चिआ
गहरा = शेन
गाजर = हुङ लो ो
गाँव = सिआङ चउन
गिनना = स्वान
गिरजा = सी चिआवो तआङ
गिरफ्तार करना = ताइ पू
गिलहरी = हुई शू
गैरकानूनी = वेई फा
गोल = यूआन
गौरव = वेई येन

ग्रीष्म = सिआ तइएन
घर = चिआ
घाव-शाङ
घोड़ा = मा
घोड़ी = कए मा
घृणा = हेड़
घण्टा = चुङ तिआन
चतुर = चङङ पिङ
चन्द्रमा = यूए
चश्मा = येन चिङ त्जे
चाय = चआ
चाचा = सू सू, सू फू
चाची = फू मू
चाहना = यावो
चाहिए = पई पियाओ
चिड़िआ = निआवो
चिट्ठी = हान चिआन, सिन
चित्र = तऊ हुआ
चीज = तुङ सी
चीनी = पाई तआङ
चुप = चिङ
चूहा = हावो त्जे
चेहरा = मिएन कउङ
छतरी = यू सान
छड़ी = कउन त्जे
छात्र = सुए शेन
छोटा = तुआन, सिआवो
छोड़ना = ली काई
जङ्क्शन = चिआओ चआ तिएन
जगह = चो वेई, ती फाङ
जनता = जेनमिन
जब से = ची जान
जब तक नहीं = चऊ फेई
जमानत = तइआओ-सान
जर्मनी = तेह् कुवो
जलपान = चाऊ चआन
जलवायु = चई होऊ
जलाना = शावो
जल्दी = कंवाई
जवान = नियान चउङ
जवाब देना = ता फू
जहाज = चुआन
ज्यादे = तो
जाड़ा = तुङ तइएन
जाना = च्यू, ताऊ
जानना = ची ताऊ
जापान = जिह पेन
जीतना = यिन
जीभ = शो त्जे
जीवन = शेन मिङ
जुर्माना = फा
जुर्माना करना = हाऊ

जूता = सिए त्जे
जेब घड़ी = पिआऊ
जेल = चिएन यू
जो = नाके
जोड़ा = तुई
जोड़ना = चिआ
झगड़ा = चई
टमाटर = हुओ शिह् त्जे
टहलना = चोऊ लू
टाँग = चिआवो
टिकट = पइआऊ
टोकरी = कउआङ त्जे
टोप = माऊ त्जे
ट्राम = तिआन ये
ट्रेन = ह्वो चे
ठीक = तुई
ठण्डा = लङ
डाक = चु चिआन
डाक घर = यु चेङ च्यू
डाक्टर = यी शेङ
डायरी = जेन-चुङ जिह्-ची
डूबना = येन पी
तक = तेङ ताऊ
तकिया = चन तवो
तङ्ग = सिआ
तथापि = हुआन मेई,
तब = जान होऊ
तरकारी = चआई
तलवार = चइआन
तार = तिएन पाऊ
तार घर = तिएन पाऊ च्यू
ताजा = सिन सिआन
ताला लगाना = सो शाङ
तेज = कुआई
तेल = यू
तैयार = चुन पेई
तैयारी करना = यू पी
तैरना = यू शुई
तौलिया = शोऊचिन
थोड़ा = शावो
दन्त = चुआन चिआ
दक्षिण = नान फाङ
दयालु = हाऊ
दरवाजा = मन
दर्जन = ता
दर्जी = चआई फुङ
दर्पण = चिङ त्जे
दाँत = या ची
दादा = चू फू
दादी = चू मू
दिन = जिह् त्जे
दियासलाई = चयू-तङ-एर

दीप = तेङ
दीवाल = चइआङ
दुर्घटना = ई वाई
दूकान = पऊ त्जे
दूध = निऊ नाई
दूर = चुएन
दूसरा = पेई ती,
देखना = कआन, कआन चिएन
देखभाल करना = सिआवो सिन
देना = के
देश = कुवो चिआ
देशभक्त = आई कुवो
दोनों = लिआङ के
दौड़ना = चोऊ
दौरान = ताङ
द्वारा = केन
धनी = फू, यू चिएन
धोना = सी
धोबी = सी इ-शाङ ती
धन्धा = शिह् चइङ, शेन यि
ध्यान = यू ची
नकशा = ती तऊ
नदी = हो
नमक = येन
नम्रता = ली
नया = सिन्
नरक = ती यू
नाक = पी त्जे
नाच = तइआवो
नाटक = सी युएन
नाम = मिङ
नाराज = नू, शेङ चई
निवासी = च्यू मिन
नीचे = सिआ
नोट = चआऊ पिआऊ
नौका = चउआन
नौकर = कन पानती
पड़ोस = फू चिन
पड़ोसी = लिन चिए
पढ़ना = तू, कआन शू
पता = चू चिह्
पति = चाङ फू
पत्नी = लाऊ पो, चई त्जे
पत्थर = शिह् तवोऊ
पतझड़ = चिऊ तइएन
पत्र = सिन
पर = चाई
परछाई = यिङ
परिचय = चइआ शाऊ
पश्चिम = सी फाङ
पसन्द करना = सी हुआन
पहचानना = येन शिह्

पहले = चउङ चिआङ
पहले से = यिह् चिङ
पहाड़ = शान
पहुँचना = ताऊ
पाकेट = ताई त्जे
पाठ = कुङ कवो
पाना = तेह् ताऊ, चाऊ, शोऊ ताऊ
पार करना = कुवो
पार करना (नदी) = तु
पार करना (पहाड़) = फान
पानी = शुई
पास = चिन
पास होना = यिऊ
पास से जाना = तउङ को
पीना = यिन, ह
पास पोर्ट = हू चाओ
पीला = हुआङ सिह्
पुकारना = चिआवो
पुत्र = एई त्जे
पुत्री = न्यू एई
पुराना = चिआ
पुल = चइआवो
पुलिस = चिङ चआ
पूर्व = तुङ फाङ
पृथिवी = ती
पेड़ = शू, शू मू
पेन्सिल = चइअन पी
पैर = चिआवो
प्याज = त्सउङ
प्यारा = चइन आई
प्यार करना = आई
प्याला = पएई
प्यासा = कवो
प्रकाश = क्वाङ
प्रत्येक = मेई
प्रत्येक आदमी = वू लुन हो जेन
प्रत्येक वस्तु = वू लुन हो वू
प्रधान मन्त्री = यूआन चाङ
प्रमुख = चिन यावो
प्रश्न = वेन नई
प्रचार करना = स्युआन चउआन
प्रस्थान करना = चई शन
प्रातः = चाऊ शाङ, चाओ चई
प्रायः = शिह् चआङ
प्लेट फार्म = तआई
फल = क्वो त्जे
फली = वान तोऊ
फिर = चाई
फूल = हुआ
फैक्टरी = कुङ चआङ
फैसला = च्युए सिन

फोन = तिएन हुआ
बकरी = शांन याङ
बक्स = सिआङ त्जे
बचना = तआऊ चोऊ
बचाना = चिऊ
बड़ा = ता
बढ़ना = सेङ चाङ
बदलना = हुआन, पिआन हुआ
बनाना = चो
बन्द करना = कुआन
बर्फ = पिङ
बस्ती = च्यू चू ती
बहादुर = युङ कान
बहिन (छोटी) = माई माई
बहिन (बड़ी) = चिए चिए
बाघ = लावो हू
बात = शिह चइङ
बात करना = शो हुआ
बाद = होऊ
बादल = यून
बादाम = सिङ जेन
बाल = तवोऊ फा
बाहर = वाई
बाहरी = वाई तवो
बिच्छू = सिए त्जे
बिछौना = चउआङ

बिल्ली = माऊ
बीता हुआ = को चू
बीते = ची चिआन
बीमार = पिङ
बीमारी = चीं पिङ
बुखार = जे तू
बुद्धिमान = चुङ मिङ
बुरा = हुआई
बूढ़ा = लाऊ
बेंचना = माई
बैंक = यिन हाङ
बैल = नीऊ
बैग = कवोऊ ताई
बैलगाड़ी = ता चए
बोतल = पइङ त्जे
बोलना = शो, चिआङ
भला = हाऊ
भविष्य = चिआङ लाई
भाई (छोटा) = ती ती
भाई (बड़ा) = केर केर
भाग्य = सिन यून
भात = फान
भीतर = ली
भीतरी = ली तवो
भूखा = ओ लो
भूतकाल = को चू

भूल = चो वू
भूलना = वाङ ची
भेड़ = याङ
भेड़िया = लाङ
भेजना = ची
भोजन करना = चइ फान
भोजनालय = चऊ फाङ
मक्खी = चआङ यिङ
मक्खन = नि‍ऊ यिऊ
मकान = फाङ त्जे
मच्छड़ = वन त्जे
मछली = यू
मजबूत = चइआङ चुआङ
मजेदार = क्यू वेई
मदद करना = पाङ यू
मध्य = चुङ चिएन
मध्यन्तर = चिएन के
मन = सीन
मन्द = माङ
मरना = स्सू
मशीन = ची चई
मसहरी = वेन चाङ
मसाला = चिआङ यिऊ
महँगा = क्वेई
महसूस करना = चिआवो तेह
महीना = यूए

मंजूर = चिए शोऊ
मन्दिर = मिआवो यू, तआ
मस्जिद = हुई चिआवो तआङ
माता = मु चइन
मारना = ता
मालिक = चू जेन
मिट्टी का तेल = येई यू
मिर्चा = हू चिआवो
मित्र = पएङ यिऊ
मिलना = यू चिआन
मुकदमा = सिआङ त्जे
मुसाफिर = चेङ कएर
मुँह = चुई
मूर्ख = चउन
मूल्य = चिआ चिएन
मेज = चो त्जे
मेहमान = कवो
मैच = याङ हो
मैनेजर = चिनली
मोटर कार = चई चे
मोटर साइकिल = ची तआ चए
मोमबत्ती = ला
मौका = चीहुए, शिहं ची
मौन = चिङ मू
मौसिम = चई होऊ
मृत = स्सू लो

मृत्युदण्ड = ची सिङ

यदि = चिश्रा शिह्

यद्यपि = सुई जान

यह = चे

यहाँ = चेली

याद = ची तेह्

युवक = निएन चइङ

योग्य = को नेङ

योग्यता = नेङ कान

योजना = ची तुश्रा

रखना = फाङ

रङ्ग = येन शे

रस्सी = शङ त्जे

रसोइया = होऊ—फू, चऊत्से

रहना = चू

राजा = कुवो वाङ

रात का भोजन = वान फान

रानी = वाङ होऊ

राय देना = तउङ चिह्

राष्ट्र = कुवो चिश्रा

राष्ट्रपति = चु सी

रुपया = चिएन

रेगिस्तान = शामो

रोटी = मिश्रान पाऊ

लगभग = चा पू तो

लगातार = ची सु

लड़का = सिआवो हाई त्जे

लड़की = न्यू त्जे

लम्बा = चश्राङ

लाना = ताई

लाल = हुङ

लालटेन = मा तेङ, तेङ लुङ

लिए (के) = वेई

लिखना = सिए

लिखा पढ़ी = चिश्रावो शे

लेक्चरदेना = ती चिह्

लेकिन = तान शिह्

ले जाना = ताई, सी ताई

लेना = ना

लोग = जेन मिन

लोमड़ी = तू ली

वकील = ल्यू शिह्

वन = शेन लिन

वर्तमान = सिआन चाई

वर्फ = पिङ, सुए

वर्षा = यू

वर्ष = निएन

वसन्त = चून तइएन

वस्त्र = ई शाङ

वही = यी याङ

वायु = कउङ चुङ

विचार करना = कआङ ल्यू

विश्वास करना=सिश्राङ सिन
वेतन=सिश्राङ
वैसा=चे याङ
व्यापारी=शाङ जेन
व्यस्त=माङ
शत्रु=ती जेन
शब्द=चिह
शराब=चिऊ
शरीर=शेन तई
शहद=फङ मी
शहर=चएङ शी
शादी करना=चिए हून
शाम=वान शाङ
शासन=कुश्रान ली
शुरू करना=काई शिह्
शैतान=कोई त्जे
सकना=नेङ, कत्रो, हुई
सङ्ग=सिए हुई
सङ्गठन=चू चिह
सड़क=लू
सत्य=शिह् हुआ
सदा=शिह् चआङ
सपना=चो मुङ
सप्ताह=सिङ ची, ली पाई
सफर=ल्यू सिङ
सफल=चएङ कुङ
सफेद=पाई
सब=तउङ तउङ
सभापति=चुङ्तुङ
समझना=सिआवो तेह्
समझाना=काई शो
समाचार=सिन वेन
समालोचक=चिश्राङ पइङ
समाप्त=वान
समुद्र=हाई, सम्मेलन=हुई ई
सरसो=चिए मो
सरगर्मी=हुवो—तुङ
सवेरे=चाऊ
सस्ता=पइश्रान ची
साइकिल=चिआवो तश्रा चए
साथी=तुङ पश्रान
साधारण=पू तइङ
साबुन=फेई चाऊ
सामने=चिआन मिआन
सारा=वान चुश्रान
सिखाना=चिश्रावो
सिगनल=ची ह्वावो
सिगरेट=यान
सिगरेट पीना=चयोऊ यान
सनेमा=यिन सी
सिपाही=पिङ
सिर=तवो

सिरका = चऊ
सिवा = चऊ लिआवो
सीटी = ती
सीना = सिउङ
सुखी = कवाई लो
सुनना = तइङ
सुन्दर = पइआऊ लिआङ
सुरक्षित = पिङ आन
सुस्त = लान तो
सूअर = चू
सूई = चेन
सूर्य = तआई याङ, जिह्
सूर्यास्त = जिह् मो
सूर्योदय = जिह् चयू
से (करण) = केन तउङ
से (अपादान) = चउङ
सेव = पइङ
सोचता = स्यू
सोना = सुई चिआवो
स्कूल = सुई तआङ
स्टूल = तेङ त्जे
स्टेशन = ह्रो चए चान
स्थान = ती फाङ

स्थानीय = च्यू पू
स्नान = चाओ
स्याही = मो
स्वच्छ = कान चिङ
स्वतन्त्र = तूली
स्वर्ग = तइएन तआङ
स्वर्ण = चिङ त्जे
स्वागत = हुआन
स्वास्थ्य = वेई शेङ
स्वीकार = चिए शोऊ
हथकड़ी = शोऊ कआवो
हरा = चिङ शिह्
हवा = कउङ
हवा बहना = फुङ
हसना = सिआवो
हाँ = शिह्
हाँकना = चिआशी
हाथ = शोऊ
हिसाब किताब = चाङ मू
हिस्सा = फन
होटल = ल्यू कुआन
होना = पिआन
हृदय = सीन

हमारी शीघ्र प्रकाशित होने वाली पुस्तकें—

१—भारत में सामाजिक क्रान्ति

२—चीन और जनक्रान्ति

३—समाजवाद की प्रगति

४—आधिभौतिक दर्शन

५—आध्यात्मिक दर्शन

नया साहित्य मण्डल,

मच्छोदरी पार्क, काशी ।